## सार-समाचार

### 1700 परिन्डो का वितरण सम्पन्न

**भीलवाड़ा।** अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत भीलवाड़ा जिला शाखा के तत्वावधान में मूक पक्षियों के दाना पानी की सेवा हेतु विगत एक माह में प्रथम चरण में ग्यारह सौ एवं द्वितीय चरण में छह सौ कुल 1700 परिन्डो का वितरण स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान भीलवाड़ा एवं जी - 9 बिल्डर्स भीलवाड़ा के सौजन्य से विभिन्न सामाजिक संगठनों को किया जा चुका है। यह जानकारी देते हुए क्लब के भीलवाड़ा जिला पदाधिकारी रामचन्द्र मून्दड़ा ने बताया कि क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी के नेतृत्व में अब तृतीय चरण प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 400 परिन्डे स्वयं सदस्यों द्वारा गली मौहल्लों में पेड़ों पर बांधे जाएंगे और वहां आस पास रहने वाले लोगों को उसमें दाना पानी भरने की जिम्मेदारी दी जाएगी। तृतीय चरण में परिन्डे स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान के माध्यम से वितरित किए जाएंगे।

### नहजुल बलागा नेशनल इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**अजमेर।** राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा के तत्वावधान में आयोजित नहजुल बलाग़ा छठा नेशनल इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता प्रदेश के तीन जिलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में 14 से 21 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।राजस्थान शिया उलेमा कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद काजिम अली जैदी को इस प्रतियोगिता की राज्य स्तरीय जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्रतियोगिता के परिणाम 14 मई 2026 को हैदराबाद स्थित इबादत खाना हुसैनी में घोषित किए जाएंगे।अजमेर के दौराई स्थित मदरसा अस्करिया में आयोजित परीक्षा में हुज्जतुल इस्लाम मौलाना सैयद तकी जाफर, मौलाना शमीमुल हसन, मौलाना इरफान हैदर एवं मौलाना हैदर बिजनौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष आबिद हुसैन ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।श्रीगंगानगर के मदरसा हजरत अबुतालिब एवं ब्यावर के मकतबे इमामिया बाबुल नजफ में भी परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय नहजुल बलाग़ा रहा, जिसमें 600 प्रश्न शामिल थे।महासभा के महासचिव सैयद आसिफ अली ने बताया कि नहजुल बलाग़ा हजरत अली की शिक्षाओं का महत्वपूर्ण संग्रह है, जिससे युवाओं को जोड़ना समय की आवश्यकता है। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को ईरान-इराक की जियारत एवं छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### मसूदा अस्पताल में व्यवस्थाएं बदहाल

**मसूदा।** उप जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में हैं, जहां बिजली कटौती के दौरान मरीजों का इलाज मोबाइल टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है। 30 अप्रैल और 1 मई को रात 8 बजे से 11.30 बजे तक बिजली गुल रहने से अस्पताल परिसर अंधेरे में डूबा रहा। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने मोबाइल की रोशनी में मरीजों का उपचार जारी रखा। पंखे और कूलर बंद होने से मरीजों और उनके परिजनों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग गत्ते से हवा करते नजर आए तो कुछ लोग बाहर ठंडी हवा की तलाश में भटकते रहे। पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित रही और वाटर कूलर बंद पड़े रहे, जिससे परिजनों को बाहर से पानी खरीदना पड़ा।अस्पताल में 15 वर्ष पूर्व लगाया गया जनरेटर आज तक उपयोग में नहीं लिया गया। विधायक, एसडीएम और चिकित्सा अधिकारियों के निरीक्षण के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो पाया है। गंभीर स्थिति में मरीजों को तुरंत हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

### पक्षीयों के लिए 100 परिंडे बांटे

**ब्यावर ।** महावीर इन्टरनेशनल ब्यावर की प्रेरणा से गुप्त सहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रा में पक्षीयों के लिए 100 परिंडे वितरित किये गये।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. तारेश जैन, सचिव एडवोकेट नीलेश बुरड, कोषाध्यक्ष मनोज शारडा, राजकुमार पहाडिया, सुनील सकलेचा, सुनील लोढा, मनोज जैन, अमित पारीक, सुरेन्द्र कोठारी, एडवोकेट विरेन्द्र मेड़तवाल, किशन हेडा आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सचिन पायलट ने राजनीति में गिरते भाषा स्तर पर चिंता जताई

- पायलट के स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। अजमेर शहर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया

**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के अजमेर आगमन पर कांग्रेसजनों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। जयपुर से आसींद जाते समय किशनगढ़ स्थित जीवीके टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और माल्यार्पण व साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

किशनगढ़ टोल जयपुर रोड पर पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट जिंदाबाद के नारों के साथ उनका स्वागत किया। पायलट ने भी हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और क्रमवार कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस अवसर पर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में सचिन पायलट ने राजनीति में गिरते भाषा स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन भाषा में संयम, अनुशासन और संस्कार बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि नहीं सहेगा राजस्थान का नारा देने वाली सरकार अब नजर नहीं आ रही। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हार के डर से स्थानीय एवं पंचायती राज चुनाव टाल रही है और महिला आरक्षण को लेकर देश में भ्रम फैलाया जा रहा है। पायलट के स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। अजमेर शहर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में भी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पायलट अजमेर से आसींद के लिए रवाना हुए, जहां वे बैकुंठ धाम बरनागर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

विजय जैन, संग्राम सिंह गुर्जर, हेमंत भाटी, महेंद्र सिंह रलावता, नसीम अख्तर इंसाफ, राजू गुप्ता, कमल बाकोलिया, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, अमोलक सिंह छाबड़ा, कैलाश कोमल, हितेश्वरी टॉक, शिवराज भड़ाना, रश्मि हिंगोरानी, नरेश सत्यानन्द, नीरज यादव, बालमुकुंद टाक, रेनू मेघवंशी, निर्मल बैरवाल, सौरभ यादव, आलोक गुप्ता, मनीष चौरसिया, हामीद चीता, नरेश सोलीवाल, सोनू तंवर, हरकेश जगरवाल, निर्मल रिजोनिया, जूलियस क्लेमेंट, हरि सिंह गुर्जर, नाथूराम सिनोदिया, राकेश पारीक, हाजी इंसाफ अली, शिवकुमार बंसल, अब्दुल रशीद, राकेश शर्मा, मुकेश सिंह राठौड़, अहमद हुसैन, राजेंद्र वर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, विशाल टाटीवाल, फुरकान सिद्दीकी, अशोक सिंह जेतमाल, मोइन खान, भरत सिंह राणा, शंकर गुर्जर, राजेश गुर्जर, हनिश मारोठिया, अशोक बिंदल, भागचंद गुर्जर, रमेश गारवाल, खुशबू देवी, ओम प्रकाश कोली, रवि बैरवा, राजू जेलिया, हरिराम जाटव, मनीष यादव, भूपेंद्र जाटव, लाल यादव, हेमराज खींची सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भीलवाड़ा में सतीश पुनिया का स्वागत

**भीलवाड़ा।** पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया के भीलवाड़ा आगमन पर भदाली खेड़ा चौराहा पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली के नेतृत्व में भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने प्रभु श्री राम का दुप्पटा ,प्रभु श्री राम की दिव्य मूर्ति भेंट कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनमोल पाराशर, राजेश सेन ,जयनारायण जोशी ,रामचंद्र मुन्दड़ा ,राजेश शर्मा, हिमांशु शर्मा ,अशोक सेन, महावीर सरगरा ,घनश्याम सिंघीवाल ,सत्यनारायण तेली ,मोहन दिया ,दीपक पाराशर शैलेंद्र व्यास ,पुष्पेन्द्र राठौड़ ,अटल बिहारी सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। अभिनंदन के बाद सतीश पुनिया,लादू लाल तेली कोटड़ी, छापरैल में हुए निजी कार्यक्रम में पहुंचे।

### हर बूत को मजबूत करने का संकल्प

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व जिला संगठन के निदेश अनुसार भाजपा सुभाष मंडल के पदाधिकारी की मासिक बैठक आज रविवार प्रातः 10:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन हुई । महामंत्री पुनीत प्रताप सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मण्डल प्रभारी जिला मंत्री ललिता कंवर जी के आथीत्य व मण्डल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में संगठानात्मक विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा में बुथ स्तर पर होने वाले आगामी कार्यक्रम की जानकारी पदाधिकारी देते हुए कहा कि जल्द सभी बुथ पर सक्रिय कार्यकरणी वार्ड बैठक ले कर बनेगी साथ ही शक्ति केंद प्रभारी की भी सूची जल्द बनेगी।

# श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.डी. मिश्रा बने

**अजमेर।** शास्त्री नगर विस्तार स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधक समिति की आमसभा रविवार को मंदिर परिसर में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समिति सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत सचिव सतीश गोयल द्वारा समिति के आय-व्यय एवं गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने से हुई। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किए।

इस दौरान सभी सदस्यों ने एकमत होकर डॉ. एस.डी. मिश्रा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। परिणामस्वरूप डॉ. मिश्रा को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा को समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. एस.डी. मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और मंदिर व क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने नई कार्यकारिणी के गठन के लिए कुछ समय मांगा, ताकि योग्य एवं सक्रिय पदाधिकारियों का चयन किया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने डॉ. मिश्रा और संरक्षक अशोक शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।

# फसल कटाई में समय एवं श्रम की बचत से मिल रहा आर्थिक लाभ

**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान ग्रामीण क्षेत्र में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रहा है। इसी अभियान के तहत जिले की रायपुर तहसील के ग्राम पालरा निवासी किसान रतनलाल बैरवा की सफलता कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

ग्राम रथ आगमन पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने एवं उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान प्रगतिशील किसान रतनलाल बैरवा ने बताया कि वे पहले पारंपरिक रूप से खेती का कार्य करते थे जिसमें समय व श्रम दोनों अधिक लगता था जिससे लागत बढ़ रही थी। और समय पर कटाई नहीं होने से नुकसान भी उठाना पड़ता था। कृषि विभाग द्वारा मौके पर ही उनकी समस्या का समाधान करते हुए उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा फसल कटाई मशीन (हार्वेस्टर) पर अनुदान के लिए आवेदन कराया गया।

विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्हें 1 लाख 25 हजार राशि का अनुदान स्वीकृत हुआ, जिससे उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्र खरीदा।


**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**स्थान: बस्सी, जयपुर महानगर प्रथम**
**प्रहलाद सैनी विरूद्ध रघुराज सिंह**
वाद बाबत.....
वाद सं. 21/24
**बनाम श्याम कंवर पुत्री स्वर्गीय भवानी सिंह, निवासी: गांव: परासानियां, पोस्ट: सावंतसर, वाया मदनगंज, किशनगढ़, जिला: अजमेर राजस्थान।**
में तारीख 8 माह 5 सन् 2026 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 01 माह 05 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय गोल मोहर
आज्ञा से, रीडर,
अपर जिला एवं सेशन न्यायालय बस्सी,
जयपुर महानगर प्रथम


# शाहपुरा में राजस्थान तैराकी संघ की अहम बैठक

**शाहपुरा।** राजस्थान तैराकी संघ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार शाहपुरा के तरण ताल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल व्यास ने की। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने तैराकी के विकास और आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान भीलवाड़ा जिला तैराकी संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश अध्यक्ष अनिल व्यास की देखरेख में पूरी हुई।

कार्तिकेय व्यास बने भीलवाड़ा तैराकी संघ अध्यक्ष,महाव्रत गौतम सिंह चौहान सचिव एव नमन ओझा कोषाध्यक्ष चुने गये। चुनाव संपन्न होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। उपस्थित सदस्यों ने नई टीम को बधाई दी और जिले में तैराकी को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल व्यास ने कहा कि भीलवाड़ा में तैराकी की अपार संभावनाएं हैं। नई टीम के गठन से जिले के युवा तैराकों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मंच मिलेगा। संघ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक तैराकी का प्रचार-प्रसार करना है।"नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्तिकेय व्यास ने कहा कि वे जल्द ही जिले में तैराकी प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाएंगे, ताकि प्रतिभाओं को आगे लाया जा सके। बैठक में शाहपुरा व भीलवाड़ा के कई खेल प्रेमी, कोच व वरिष्ठ खिलाड़ी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**
**आम सूचना**
क्रमांक-न.प.बि/निर्माण.स्वी./2025/397 दिनांक:28-4-26
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 13 | भवानी सिंह राठौड़ पुत्र किशनसिंह राठौड़ | गांधीनगर आवासीय योजना भू.सं. बी-96 ब्लॉक नं. बी | 123.092 SQ.Yard | आवासीय |
| 14 | सीमा देवी पत्नि धनराज खाती | विद्यासागर रेजीडेन्सी ब्लॉक नं. V प्लाट नं. V-61 | 116.42 SQ.Yard | आवासीय |
| 15 | मैना देवी पुत्री मदन लाल जांगिड़ | एकलव्य नगर ख.सं. 44 भू.सं. 57 | 104.51 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर


